कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

छात्रसंघ चुनाव में विजयी विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों की सूची

क0सं0	महाविद्यालय का नाम	विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का नाम
1.	एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा	श्री ललित मोहन
2.	डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल	श्री दीपक पुत्र श्री खीमानन्द जोशी
3.	रा0 स्ना0 महाविद्यालय, रामनगर	श्री शुभम शर्मा
4.	रा0 महाविद्यालय, चौखुटिया	कु0 जया नेगी
5.	रा0स्ना0महाविद्यालय, बेरीनाग	श्री सचिन पाण्डे
6.	रा0स्ना0महाविद्यालय, बागेश्वर	श्री भुवन जोशी
7.	रा0 महाविद्यालय, गुरुड़ाबांज	श्री मनोज सिंह
8.	रा0 महाविद्यालय, भिकियासैंण	कु0 कविता
9.	रा0स्ना0महाविद्यालय, काशीपुर	श्री अरविन्द कुमार
10	रा0महाविद्यालय, कोटाबाग	कु0 ज्योति रस्तोगी
11.	रा0महाविद्यालय, गरुड़	श्री धीरज जोशी
12.	रा0महाविद्यालय, बाजपुर	श्री बलबिन्दर सिंह
13.	रा0महाविद्यालय, काण्डा	श्री धीरज कुमार
14.	रा0स्ना0महाविद्यालय, लोहाघाट	श्री जितेन्द्र राय
15.	चन्द्रावती तिवारी,काशीपुर	कु0 ज्योति जोशी

उन महाविद्यालयों की सूची जिन महाविद्यालयों में प्रतिनिधि नहीं चुने गये हैं ।

क0सं0	**महाविद्यालय का नाम**	**विश्वविद्यालय प्रतिनिधि का नाम**
1.	गन्ना कृषक महाविद्यालय, किच्छा	————————————————
2.	रा0म0 जैंती	————————————————
3.	रा0 स्ना0 महाविद्यालय, द्वाराहाट	————————————————
4.	एम0बी0रा0स्ना0 महाविद्यालय, हल्द्वानी	————————————————
5.	रा0 महाविद्यालय, मानिला	————————————————
6.	रा0 महाविद्यालय, स्याल्दे	————————————————
7.	रा0 स्ना0 महाविद्यालय, रानीखेत	————————————————
8.	पं0 पूर्णानन्द तिवारी रा0 महाविद्यालय, दोषापानी चौखुटा	————————————————

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

सूचना

विश्वविद्यालय छात्र परिषद् पदाधिकारियों के अप्रत्यक्ष निर्वाचन हेतु प्रपत्र छात्रसंघ संविधान के अनुच्छेद 11(4)के अन्तर्गत प्रदत्त शक्ति के अनुपालन में विनिर्मित (कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्व महाविद्यालयों के छात्र संघ संविधान में निर्वाचन संबंधी समस्त विवरण उपलब्ध है, इस प्रपत्र का आशय केवल चुनाव की प्रकिया को सहजता हेतु स्पष्ट करना मात्र है)

विश्वविद्यालय छात्र संघ पदाधिकारियों के निम्नलिखित पद होंगे –

अध्यक्ष	–	**एक**
उपाध्यक्ष	–	**दो (एक छात्र उपाध्यक्ष और दूसरा छात्रा उपाध्यक्ष)**
सचिव	–	**एक**
संयुक्त सचिव	–	**एक**
कोषाध्यक्ष	–	**एक**

विश्वविद्यालय के परिसरों/सम्बद्व महाविद्यालयों से निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के निर्वाचन मण्डल का गठन करेंगे । विश्वविद्यालय के पत्रांक मा0/छात्रसंघ/2013–14/973 दिनांक 04–10–2013 के प्रत्युत्तर में जिन विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों की सूची विश्वविद्यालय को प्राप्त हो गयी है वे ही इस मतदान प्रकिया में प्रतिभाग करेंगे । विश्वविद्यालय छात्रसंघ संविधान तथा इस प्रपत्र में दिया गया विवरण विश्वविद्यालय की वेवसाईट www.kuntl.in पर भी उपलब्ध है।

प्रत्येक पद हेतु केवल वही विद्यार्थी अर्ह होंगे जिन्होंने लिंगदोह समिति की सिफारिश लागू होने के सत्र 2007–08 से आज तक किसी भी पद के लिए महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नामांकन न किया हो और छात्रसंघ संविधान में उल्लिखित सभी अर्हताओं (स्नातकोत्तर कक्षाओं हेतु) को पूरा करते हों इस आशय का प्रमाण पत्र सम्बन्धित प्रत्याशी को अपने महाविद्यालय/परिसर के प्राचार्य/निदेशक से प्रमाणित कर लाना होगा तथा इसके साथ ही अपना सत्यापित फोटो परिचय पत्र एवं सम्बन्धित महाविद्यालय/परिसर का संस्थागत छात्र होने का मूल रुप में प्रमाण भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। चुने गये विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को अपने महाविद्यालय/परिसर के प्राचार्य/निदेशक से अपने चुने जाने का प्रमाण पत्र, सत्यापित फोटो पहचान पत्र तथा संस्थागत छात्र होने का प्रमाण पत्र मूल रुप में प्रस्तुत करना होगा । यह अनिवार्य होगा कि प्रस्तावक तथा अनुमोदक एक पद के लिए केवल एक प्रत्याशी का प्रस्ताव अथवा अनुमोदन करेंगे । प्रत्याशियों को नामांकन के समय संविधान में वर्णित समस्त औपचारिकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा ।

नामांकन शुल्क तथा जमानत धनराशि : छात्रसंघ संविधान में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार ।

चुनाव का कार्यकम निम्नवत् होगा :– चुनाव स्थल– विश्वविद्यालय हरमिटेज भवन,कु0वि0वि0नैनीताल।

क0सं0	**कार्यकम विवरण**	**दिनांक**	**समयावधि**
1.	नामांकन	21–11–2013	11:30 बजे पूर्वान्ह् से अपरान्ह् 1:30 बजे तक
2.	नाम वापिसी	21–11–2013	01:45 बजे से अपरान्ह् 2:30 बजे तक
3.	नामांकन पत्रों की जॉच	22–11–2013	02:45 बजे से अपरान्ह् 3:45 बजे तक
4.	अर्ह प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन	22–11–2013	सायं 4:00 बजे
5.	मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो)	23–11–2013	11:30 बजे पूर्वान्ह् से अपरान्ह् 1:30 बजे तक
6.	मतगणना	23–11–2013	मतदान के तुरन्त बाद
7.	परिणामों की घोषणा	23–11–2013	मतगणना के पश्चात्
8.	शपथ ग्रहण	23–11–2013	परिणाम घोषित होने के उपरान्त

कुलसचिव

पृ0सं0मान्यता/छात्रसंघ/ दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित समाचारपत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को अपने समाचारपत्र के सम्मुख अंकित तिथि को सूचना के रुप में निःशुल्क जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1– उत्तर उजाला हल्द्वानी दिनांक :
2– अमर उजाला दिनांक :
3– दैनिक हिन्दुस्तान दिनांक :
4– राष्ट्रीय सहारा । दिनांक :
5– दैनिक आज दिनांक :
6– दैनिक जागरण, दिनांक :
6– शाह टाईम्स, नैनीताल दिनांक :

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को अपने परिसरों/महाविद्यालयों में उक्त सूचना को प्रचारित एवं प्रसारित करने के सम्बन्ध में ।

1. परिसर निदेशक एस0एस0जे0 परिसर, अल्मोड़ा/डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।
2. प्राचार्य समस्त सम्बद्व महाविद्यालयों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

कुलसचिव

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

विज्ञप्ति

कुमाऊँ विश्वविद्यालय के परिसरों एवं सम्बद्व महाविद्यालयों में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय छात्र परिषद् का चुनाव दिनांक 23–11–2013 को विश्वविद्यालय के हरमिटेज भवन में प्रस्तावित किया गया है। चुनाव से सम्बन्धित समस्त नियम/दिशा–निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइड www.kuntl.in में देखे जा सकते हैं, एवं समस्त परिसरों/महाविद्यालयों के परिसर निदेशकों/प्राचार्यो को भी दिशा–निर्देश भेजे गये हैं ।

कुलसचिव

पृ0सं0मान्यता/छात्रपरिषद्/2013/ दिनांक

प्रतिलिपि–निम्नलिखित समाचारपत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने समाचारपत्र के सम्मुख अंकित तिथि को कम से कम स्थान में कुमाऊप्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।

1– अमर उजाला दिनांक : 14–11–2011

प्रतिलिपि–निम्नलिखित समाचारपत्रों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञापन को अपने समाचारपत्र के सम्मुख अंकित तिथि को सूचना के रुप में निःशुल्क जनहित में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1– राष्ट्रीय सहारा । दिनांक : 15–11–2011

2– दैनिक आज दिनांक : 15–11–2011

3– दैनिक जागरण, दिनांक : 16–11–2011

4– शाह टाईम्स, नैनीताल दिनांक : 16–11–2011

5– उत्तर उजाला दिनांक : 17–11–2011

6– दैनिक हिन्दुस्तान दिनांक : 17–11–2011

कुलसचिव

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल ।

पत्रांकः मान्यता / छात्रसंघ / 2013–14 / दिनांकः

सेवामें,

1. निदेशक,
   एस0एस0जे0परिसर, अल्मोड़ा / डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल।
2. प्राचार्य,
   समस्त सम्बद्व महाविद्यालय,
   (कुमाऊँ विश्वविद्यालय)।

विषय : विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के चुनाव के सम्बन्ध में ।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय छात्र परिषद् का चुनाव संलग्न कार्यक्रमानुसार दिनांक 21, 22 एवं 23–11–2013 को प्रस्तावित किया गया है।

उक्त संदर्भ में मुझे आपको अवगत करने का निदेश हुआ है कि आप संलग्न सूचना / दिशा निर्देशों को अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु प्रचारित एवं प्रसारित करने का कष्ट करेंगे तथा अपने महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में निर्वाचित विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को भी विश्वविद्यालय छात्र परिषद् के चुनाव में मतदान हेतु निर्देशित / सूचित करने का कष्ट करेंगे । विश्वविद्यालय प्रतिनिधि को मतदान में भाग लेने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार यात्रा–भत्ता देय होगा ।

विश्वविद्यालय छात्र परिषद् चुनाव हेतु किसी भी असुविधा के लिए प्रो0 डी0सी0 पाण्डे, अधिष्ठाता छात्रकल्याण, डी0एस0बी0परिसर, नैनीताल एवं मुख्य छात्रपरिषद् चुनाव अधिकारी से दूरभाष सं0 9412361958 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

संलग्न : यथोपरि ।

भवदीय,

कुलसचिव